## खबर संक्षेप

### एनसीसी भर्ती कार्यक्रम 6 अगस्त को

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी भर्ती चयन कार्यक्रम का आयोजन आगामी 6 अगस्त को रखा गया है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025-26 के प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए यह भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है एनसीसी में भाग लेने के इच्छुक छात्र छात्राएं 6 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय परिसर में अपनी उपस्थिति देकर भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### मप्र पटवारी संघ तहसील तामिया के अध्यक्ष बने आनंद

**तामिया।** आज मध्य प्रदेश पटवारी संघ तहसील शाखा तामिया में नई कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया सर्व सहमति से तहसील शाखा तामिया के अध्यक्ष आनंद किशोर ढाकरिया को चुना गया इसके साथ ही सचिव हेतु गुलाब आम्रवंशी, संगठन मंत्री हेतु दिशांत चौरसिया ,सह सचिव हेतु लोकेंद्र नरगावा ,जिला प्रतिनिधि हेतु सुषमा इंदौरकर का चयन किया गया तहसील शाखा तामिया की कार्यकारिणी निम्न अनुसार है अध्यक्ष आनंद किशोर ढाकरिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर वर्मा,सुश्री रेशमा बैगा ,सचिव गुलाब आम्रवंशी,सह सचिव लोकेंद्र नरगवा,पंकज काकोडिया,अर्पिता साहू, कोषाध्यक्ष अंकित सोनी,सह कोषाध्यक्ष अमरकांत वर्मा,संगठन मंत्री दिशांत चौरसिया,प्रचार मंत्री हर्षा नवरेती,बलराम उईके, संरक्षक प्रदीप उईके, संतलाल भारती, संयोजक विनय साहू,प्रवक्ता संजय डेहरिया,सह प्रवक्ता अनिल टेकाम, मार्गदर्शक सरोस शेंडे,मोहनसिंह भारती,जिला प्रतिनिधि अश्विनी नवरेती,सुषमा इंदौरकर को चुना गया।



## जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन ने दी एवीजे प्रबंधन को चेतावनी
# एविजे कंपनी के खिलाफ पनप रहा है क्षेत्र में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र की एविजे कंपनी में बुधवार कोबॉयलर के नजदीक 6 कामगार के साथ हुई घटना के प्रति लोगों के द्वारा सांत्वना व्यक्त करते हुए अब एविजे कंपनी मालिको के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है, शुक्रवार को श्रमिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कंपनी प्रबंधन से व्यवस्था में सुधार कर कामगारों को सुरक्षा के उपकरण उपलब्ध करने की चेतावनी दी है।

साथ ही भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा की ओर से एपीजे कंपनी के खिलाफ शनिवार को सुबह 11 बजे से कंपनी मालिकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर रेमंड पुलिस चौकी का घेराव कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, जिसके चलते अब औद्योगिक क्षेत्र का माहौल गर्मा गया।

### घायल श्रमिकों का हो बेहतर इलाज, मिले मुआवजा

यूनियन नेता शुक्रवार को जिला उद्योग एम्पलाईज यूनियन रेमंड के पदाधिकारी ने एवीजे एग्रो कंपनी में पहुंचकर प्रबंधन से चर्चा करते हुए घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। जिला वस्त्र एम्पा यूनियन रेमंड अध्यक्ष प्रदीप इंगोले,महासचिव प्रकाश बोराटे ने बताया की एविजे कंपनी की घटना अत्यंत दुखदाई है, यूनियन के द्वारा एविजे कंपनी प्रबंधन से लोधीखेड़ा थाना प्रभारी की उपस्थिति में मुलाकात कर घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सोपा गया है, इस दौरान एविजे कंपनी प्रबंधन को हिदायत दि गई है,की कम्पनी में सुरक्षा को लेकर काफी लापरवाही बरती जा रही है। जिसके चलते मासूम कामगारो की जान पर बन रही है,कंपनी प्रबंधन की लापरवाही एवं अव्यवस्था के चलते कुछ माह पहले टंकी गिरने से एक मजदूरी कि मौत हो गई थी।हाल ही में 6 कामगार गंभीर रूप से झुलस गए हैं, मजदूरों के साथ में लगातार इस प्रकार की हो रही घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए, कर्मचारियों को काम के दौरान सुरक्षा के उपकरण,देना चाहिए,पीड़ित कामगारों का अच्छा इलाज किया जाए, कामगारों के पेमेंट काटा ना जाए,उचित मुआवजा दिया जाए,कम्पनसेशन एक्ट दिया जाए,मजदूरी के हादसे को देखते हुए ईएसआई लागू किया जाए। अन्यथा जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन के द्वारा एवीजे कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा, इस दौरान जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन अध्यक्ष प्रदीप इंगोले, महासचिव प्रकाश बोराटे, शिवमोहन शर्मा,किशोर खरपुरिया, सुर्यप्रकाश तिवारी,संजय ठाकरे, गणेश चौरे, किशोर नेरकर, आदि थे।

### कंपनी मालिकों पर हो एफआईआर

एपीजे कंपनी में लगातार कामगारों के साथ में हो रही दुर्घटनाओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा की ओर से शनिवार को रेमंड पुलिस चौकी घेराव आंदोलन किया जा रहा है,भाजपा मंडल लोधीखेड़ा के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसारभाजपा नेता राहुल मोहड़ के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 11 बजे से एपीजे कंपनी में लगातार हो रही घटनाएं,कंपनी प्रबंधन की लापरवाही, कंपनी मालिको पर एफआईआर दर्ज करने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने, कामगारों की सुरक्षा आदि मांगों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रेमंड पुलिस चौकी का घेराव किया जाएगा। भाजपा नेता राहुल मोहड़ ने बताया कि यह घेराव आंदोलन औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों की रक्षा सुरक्षा, उचित वेतन और एपीजे कंपनी प्रबंधन मालिकों पर एफआईआर दर्ज करने आदि मांगों को लेकर किया जा रहा है, घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कामगार और ग्रामीण उपस्थित होंगे।

## बिजोरी में 6 पाव मसाला 6 पाव प्लेन शराब जब्त
# आबकारी की दबिश में मिला अवैध शराब का जखीरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

आबकारी विभाग परासिया वृत्त प्रभारी जीत सिंह उइके और उनकी टीम के द्वारा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में दबिश के चलते अवैध रूप से शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है । वहीं टीम को भी सफलता मिल रही है । शुक्रवार को दी गई दबिश में भी टीम को अवैध शराब मिली ।

वृत्त प्रभारी श्री उइके ने बताया , कि शुक्रवार 01 अगस्त को वृत्त परासिया अंतर्गत आने वाले गावों मे दबिश कार्यवाही की गई । कार्यवाही में ग्राम सीताडोंगरी में 14 पाव प्लेन शराब , ग्राम बम्हनी में 10 पाव प्लेन एवं 05 पाव मसाला शराब बरामद की गई , ग्राम झिरपा मे 14 पाव प्लेन एवं 06 पाव मसाला शराब बरामद की गई । माहुलझीर स्थित एक दुकान की तलाशी लेने पर कोई मादक सामग्री बरामद नहीं हो सकी । जिसका तलाशी पंचनामा बनाया गया । वहीं तामिया क्षेत्र के अंतर्गत बिजोरी में एक ढाबे की तलाशी में 06 पाव मसाला 06 पाव प्लेन 01 एम डी नंबर 1 रम मदिरा की बोतल बरामद किया गया।

इस दबिश कार्यवाही में क्षेत्र अंतर्गत चार प्रकरण कायम कर आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34 (1)के तहत प्रकरण कायम किया गया।

इस कार्रवाई में 61 पाव देशी मसाला/प्लेन एवं 01 बोतल रम कम मात्रा 09.18 बी एल देशी 0.750 बी एल शराब बरामद की गई । इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी जीत सिंह सहित आबकारी आरक्षक ओमनारायण बाम्हने एवं दीपाली झारिया का सहयोग रहा ।

## कांग्रेस ने की क्षेत्र के कृषि केंद्रों की जांच की मांग

**पांढुर्णा।** नगर कांग्रेस कमेटी ने आज किसान हित में कलेक्टर कार्यालय के नाम ज्ञापन प्रेषित कर प्रमुख समस्याओं और खाद बंटवारा प्रक्रिया की जांच की मांग की। नगर कांग्रेस ने जिले किसानों को समिति के माध्यम से पर्याप्त यूरिया प्रदान करने, पहले की भांति पांढुर्ना रेलवे स्टेशन पर रैक के माध्यम से यूरिया की आपूर्ति किए जाने, तहसील के कृषि विभाग में कितनी मिनी किट आई ? और इसे किस दाम पर किन किसानों को प्रदान की गई तथा सीएफएलडी कितनी संख्या में विभाग को प्राप्त हुई और किन किसानो को दी गई इसकी जांच की मांग कांग्रेस ने की गई। पक्का बिल नहीं देनेवाले कृषि केंद्र संचालकों पर कारवाई, लाइसेंसधारी एवं बिना लाइसेंसधारी कृषि केंद्रों के गोदाम एवं स्टॉक पंजी की जांच किए जाने तथा वर्ष 2024-25 में रबी फसल का अनुदान किसानों को जल्द दिए जाने का उल्लेख कांग्रेस ने ज्ञापन में किया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कांबे, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील बुधराजा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भीमराव वालके, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, कैलाश पराडकर, देवकांत मांडोगडे, रजत पराडकर तथा अन्य मौजूद थे।

## अनाथ छात्र के आधार अपडेशन में दिक्कत
### नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ, पांच माह से भटक रहे दादा और मामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा



स्थानीय भगत सिंह वार्ड निवासी कक्षा 5 के अनाथ छात्र धैर्य विठ्ठल कोल्हे का आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उसे शिक्षा विभाग की योजनाओं से वंचित होना पड रहा है। गौरतलब है कि इस इस छात्र के माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। फिलहाल धैर्य सौंसर में अपने मामा संजय कामडे के पास रहकर सीएमराइज स्कूल सौंसर में पढता है। इसके आधार कार्ड में धैर्य की स्पेलिंग गलत हो गई है और पिता का नाम नहीं लिखा हुआ है। इसलिए वर्तमान में इसे किसी शासकीय योजना विशेष रूप से शासन की शैक्षणिक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आधार अपडेट के लिए इसके मामा संजय कामडे बीते 4-5 माह से शासकीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधार अपडेट के लिए दो में से कोई एक डाकुमेंट चाहिए। एक राशन कार्ड जिसमें धैर्य का नाम लिखा हो या मामा के पास गार्डियन (अभिभावक) प्रमाणपत्र हो। इन दोनों दस्तावेजों के अभाव में मामा और भांजा पिछले 4-5 माह से भटक रहे है।

### विधायक ने विधानसभा में उठाया बच्चियों के गुम होने का मामला

**परासिया :** परासिया विधायक सोहन लाल वाल्मीकि ने विधानसभा सभा में अंबाड़ा से गुम हुई बच्चियों का मामला उठाया । उन्होंने गुम बच्चियों को शीघ्र ढूंढा जाकर उनके परिजनों को सौंपने की बात कही है । साथ ही यह भी कहा है , कि वर्ष 2021 से 2024 तक आंकड़ों के मुताबिक 31 हजार से अधिक महिलाएं और नाबालिग बच्चियां ला पता हैं , उनमें कुछ ही मिल पाई है । इस मामले में कौन सा गिरोह या रैकेट है , इसका पता लगाया जाना आवश्यक है ।गौरतलब है , कि परासिया विधानसभा के अंतर्गत गुढ़ी - अंबाड़ा की दो नाबालिग बच्चियां 14 जुलाई से लापता है । जिनका पता लगाने के लिए पुलिस भरसक प्रयास कर रही है , लेकिन अभी तक बच्चियों का पता नहीं लग पाया है ।

### सीबीएसई की विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जुन्नारदेव।** सीबीएसई शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित ताइक्वांडो,शूटिंग, आर्चरी,थांगता मार्शल जैसी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सीबीएसई से मान्यता प्राप्त ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जुन्नारदेव में 1 अगस्त को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने 14/17/19 वर्ग बालक/बालिका एवं मार्शल आर्ट के खेलों में अपने अपने आयु एवं वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। चयनित खिलाड़ी श्रीसमर्थ, डिंकल, अर्पित, वेदीश, विभोर, मो.आवान, सोनाक्षी, समृद्धि, राशि, गुंजन, अनिष्का, स्वस्ति,पठानू शांतनु, अंश, अनिका, आशना, अथर्व, निशिकेत, जयंत, हर्षी, मो.अरशद आगामी जिला खेल कैलेंडर की तिथि अनुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए जौहर दिखाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के संचालक निखिलेश उपाध्याय, अंकित द्विवेदी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन विद्यालय के खेल प्रशिक्षक योगेश रुखमांगद, एल्विन लाल, राजकुमार माहोरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रतियोगिता में पधारे समस्त खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अभिशिखा ठाकरे एवं समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## मर्राम-कारली शासकीय स्कूलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग से मिले निर्देशों के बाद में सोसर सहायक शिक्षा संचालक सुश्री रश्मि कुसरे के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय शालाओ में पहुंचकर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग की टीम में शास. प्रा. शाला कारली का निरिक्षण किया गया। शाला मे पदस्थ एक शिक्षक उपस्थित मिले । श्रीमती ममता मर्सकोले अवकाश पर पाई गई। कक्षा में छात्र-छात्राओं की कुल दर्ज 19 थी, कुल 17 बच्चे उपस्थित थे, निरीक्षण के दौरान शिक्षा अधिकारी सुश्री कुसरे ने बच्चो के वर्कबुक प्रतिदिन जाँच कार्य कर होमवर्क दिया जाने,बच्चो का नामांकन शाला में बढ़ाने का प्रयास करने,एमडीएममे शासन मेनु अनुसार आहार देने आदि को निर्देशित किया गया, शास प्रा. शाला मर्राम का भी निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला में पदस्थ दोनो शिक्षक उपस्थित मिले। शाला में कुल दर्ज 42 बच्चे है। कुल 31 बच्चे उपस्थित मिले, निरीक्षण के दौरान बच्चो का शैक्षणिक स्तर एवं शाला परिसर की साफ-सफाई संतोषप्रद पाई गई है। इस दौरान शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी स्कूल प्रमुखों को शासन के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनिवार्यता के साथ में पालन करने मध्यान भोजन उपस्थिति पंजी एवं शिक्षा को विचार रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस की गिरफ्त में आया बाइक चोर
### देहात थाना पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



देहात थाना पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता (आई.पी.एस.) के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन पर सम्पति संबंधी आरोपियो की धर पकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जी. एस. राजपूत ने सम्पति संबंधी आरोपियो की धर पकड हेतु, थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर अपने मुखवीर तंत्र के आधार पर एक मो.सा. चोर को भादेय कालोनी छिन्दवाड़ा से गिरफ्तार कर उससे गत दिवस चोरी की हुई एक हीरो कंपनी की ग्लेमर मो.सा. एम.पी. 28 जेड डी 9398 बरामद कर आरोपी विनोद उर्फ गोलू पिता गंगाराम सूर्यवंशी निवासी लहगडुआ थाना अमरवाडा हाल सुरेश मालवी के घर किराये के मकान भादेय कालोनी छिन्दवाड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जिला जेल छिन्दवाड़ा मे निरूध्द किया गया है।

**महत्वपूर्ण भूमिका:**निरी.जी. एस. राजपूत, प्र.आर. 412 महेन्द्र कुमार, प्र.आर. 345 टीकाराम एवं आर.640 महेश रघुवंशी थाना देहात छिन्दवाड़ा जिला छिंदवाड़ा

### वन परिक्षेत्र में किया पौधों का रोपण

**छिंदवाड़ा।** पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए हम सभी को एक जुट होकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण हमे करना होगा । पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे छिंदवाडा विकास विकास खंड के ग्राम पिपरिया लालू वन परिक्षेत्र मे पंच ज अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया । न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की पंच ज अभियान के तहत ,पर्यावरण संरक्षण, जल,जंगल,जमीन जानवर ,जन ,के संरक्षण एवं पुर्नसंवर्धन के आधीन ,आम जनो मे जागरूक कर अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने प्रेरित करना हे । विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागडे ने बताया की माननीय उच्च न्यायालय की मंशा अनुसार जिला स्तर पर पोधारोपड़ का कार्य किया जा रहा हे इसी कड़ी मे वन परिक्षेत्र मे वृक्षारोपण किया गया । विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव के द्वारा फलदार पोधे का रोपण का रोपण कर एक पोधा मां के नाम की परिकल्पना को साकार करने वन सुरक्षा समिति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील कर लगे पोधो का संरक्षण करने को कहा ।

## बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को मिली हरी झंडी
### परिषद् जुन्नारदेव की पी.आई.सी. की बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

नगर पालिका पी.आई.सी.की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे सहित सभी सभापति उपस्थित थे। बैठक में सभी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्ताव क्रमांक 03 सी-1 कॉम्पलेक्स की नीलाम की गई कुल 06 दुकानों में सफल निविदाकारों द्वारा एक चौथाई (25 प्रतिशत) राशि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में निविदाकारों की अमानत राशि राजसात कर निविदा निरस्त करने के संबंध का प्रस्ताव परिषद में लेने का निर्णय लिया गया है। एवं बाकी प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई।इन प्रस्ताव में सेवानिवृत्त कर्मचारी राधेश्याम की अर्जित अवकाश के नगदीकरण भुगतान के संबंध में विचार ,न०पा० कर्मचारी महर्षि चौरसिया के अर्जित अवकाश स्वीकृति के साथ अन्य प्रस्ताव में फायर वाहन क्रय हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, वार्ड क्र. 17 में सी.सी रोड निर्माण कार्य, मेन रोड यासीन के घर से लख्खी यदुवंशी के घर तक कार्य पर हुए अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति ,वार्ड क्र. 01 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, मधु बंदेवार के घर से पाण्डे मासाब के घर तक एवं नाला तक तथा लक्ष्मण बड़खाने के घर से काली स्टेज नाला तक कार्य,वार्ड क्र. 01 में सुविधा युक्त कांजी हाऊस निर्माण ,वार्ड क्र. 17 हनुमान मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य ,वार्ड क्र 17 काली स्टेज के सामने पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य ,वार्ड क 12 में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य, मोक्षधाम में बाऊण्ड्री वॉल निर्माण कार्य सहित सभी प्रस्ताव को आज की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर हरी झंडी दी गई।

### महिलाओं द्वारा मनाया गया हरियाली महोत्सव



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 की महिला ग्रुप द्वारा कंदेले भवन परिसर जुन्नारदेव में हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान उपस्थित महिलाओं के समूह द्वारा गीत व संगीत के साथ सआनंद उत्साह मनाया गया एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। तत्पश्चात किटी पार्टी के रूप में स्वल्पाहार का आनंद लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उमा गुप्ता, सीमा गौतम, सुनीता गुप्ता, किरण गुप्ता, निष्ठा चौरसिया, राधा विश्वकर्मा, राखी जायसवाल, शीतल जायसवाल,,नंदिनी राजपूत सुनीता सोनी, कामना शर्मा, श्वेता जैन, शालु जैन, लकी गुप्ता की उपस्थिति रही।

## बांगई में कई हरे भरे पेड़ तालाब में सूखे, पर्यावरण की हुई अनदेखी
# अमृत सरोवर के तहत बने तालाब की पहली बारिश में खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



तामिया जनपद में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार योजना बन चुकी है। इस योजना के तहत कराये गए जनहित के निर्माण कार्यों में योजनाबद्ध तरीके से रोजगार सहायक से लेकर कार्यक्रम अधिकारी तक ने संगठित रूप से भ्रष्टाचार किया जिनमें पुल पुलिया सीसी रोड पोखर पर्कुलेशन टैंक में 50% से अधिक फर्जीवाड़ा किया गया। जिसके रुझान अब पहली बरसात में आने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर देलाखारी सेक्टर की ग्राम पंचायत बांगई जिसमें सरपंच सचिव ने इस योजना में जनहित के बजाय अपने हित में निर्माण कार्य करवाए। उसी का एक नमूना इस बरसात में देखने मिला कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 8 अगस्त 23 को इसी पंचायत के वसुधा बंधन के तहत झौतकला रोड पर अमृत वाटिका योजना के तहत तालाब बनाया गया था जिसमें दर्जनों पेड़ तालाब के जल भराव में आने के कारण सूख गये और कुछ अभी सूखने के लिए खड़े हैं। पिछले दिनों ही अप्रान बनाया गया था। इस छोटे से काम में भी सरपंच सचिव उप यंत्री ने फर्जी बड़ा कर डाला। तकनीकी मापदंड के नियम विरुद्ध अप्रान बनाने का नतीजा यह हुआ। यह पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो गया। जब इतने छोटे काम में इतना भ्रष्टाचार किया गया तो तालाब जैसे निर्माण में कितना किया गया होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। निर्माण कार्य को पूर्ण करने में दो वर्ष इसलिए लगा डालें कहीं तालाब ना वह जाये बहने की स्थिति में इस निर्माण को प्रगतिशील को ढाल बनाकर बचा जा सके। लेकिन अप्रान ने भ्रष्टाचार सिद्ध कर दिया। तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले उप यंत्री की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं सहायक यंत्री भी इसके बहने के चलते सवालों के घेरे में है।

बतलाया जाता है कि इस अमृत सरोवर तालाब का कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया है यदि जांच होती है तो प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना अमृत सरोवर में बड़ा भ्रष्टाचार कम से कम इस तालाब मै उजागर होगा।

### 7 किमी पदयात्रा करते शिव भक्त पहुंचे अर्धनारीश्वर मंदिर

# शिव मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

शुक्रवार को नगर के बेरडी मार्ग से इस वर्ष भी सावन के पावन माह में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई, कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिव भक्तों के अलावा महिलाओं ने उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ की जयकारों के साथ में पदयात्रा करते हुए अर्धनारीश्वर की नगरी मोहगाव हवेली पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की, सौसर से मोहगांव तक की 7 किमी की पदयात्रा करते हुए शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के गीतों पर नाचते नजर आए,शिव मंदिर बेरडी रोड से अर्धनारीश्वर मंदिर मोहगांव की निकली कावड़ यात्रा का जगह-जगह पर लोगों के द्वारा फूलों का वर्षण और स्वागत सत्कार किया गया, मोहगाव हवेली में कावड़ यात्रा पहुंचने के बादभगवान भोलेनाथ अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया गया, इस दौरान श्रीमती त्रिवेणी ठाकुर, किशन सिंह,गोल्डी ठाकुर, आशीष ठाकुर, के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शिव भक्त उपस्थित थे, मोहगाव हवेली पहुंचने पर कावड़ यात्रा का अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान कमेटी की ओर से भी स्वागत सत्कार किया गया।

## नगर में मातृशक्ति ने किया रामायण पाठ



**बिछुआ।** सावन के पवित्र महीने के पावन अवसर पर बिछुआ नगर में मातृशक्तियों के द्वारा रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया,महिलाओं ने वार्ड नंबर 9 में भाजपा महामंत्री एवं पार्षद श्रीमती कीर्ति करमेले के निवास पर भजन कीर्तन एवं रामायण पाठ कर माहौल राममय कर दिया,महिलाओं के द्वारा हरियाली उत्सव भी मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से श्रीमती कमलेश दीक्षित,गायत्री डेहरिया,ज्योति डिगरसे,मीना सोनी,कबीरा पवार,शशि साहू,आशा दुबे समेत मातृशक्ति उपस्थित थी जिन्होंने रामायण पाठ कर प्रभु श्री राम के जय कारे लगाएं।

## शहर की समस्याओं को लेकर पूर्व सीएम से मिले कांग्रेसी



**परासिया :** नपा परासिया के कांग्रेसियों ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ से मुलाकात की । मुलाकात के दौरान शहर की समस्याओं को लेकर चर्चा की । उन्होंने शहर में निमार्ण कार्य नहीं , होना छोटे - छोटे कामों के लिए शहर कि जनता का परेशान होना , नगरपालिका में भ्रष्टाचार आदि को लेकर चर्चा की । वहीं विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा डब्ल्यू सी एल की भूमि पर पट्टे प्रदान करने का मामला उठाने के लिए नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह और कांग्रेसी पार्षदों ने कमलनाथ के प्रति आभार जताया । इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , कांग्रेसी पार्षद पूनम कैथवास , पार्षद प्रतिभा सोनी , पार्षद सावित्री वर्मा , पार्षद ब्रजेश भालवीय , पार्षद प्रतिमा बैस , पार्षद नीलोफर खान , पार्षद रुक्मा बंसोड़ , पार्षद पूजा मरकाम सहित वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## जेल के बंदी भाइयों को रक्षा सूत्र भें कर रक्षा बंधन पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से श्री योग वेदांत सेवा समिति की बहनें प्रतिवर्ष जिला जेल में निवासरत बंदी भाई और देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात सैनिकों को रक्षा सूत्र भेंट कर ही रक्षा बंधन पर्व मनाती है । इसी कड़ी में आज समिति की बहनों ने जिला जेल में निवासरत बंदी भाईयों को वैदिक रूप से रक्षा सूत्र बाँधकर रक्षा बंधन पर्व की शुरुआत की । इस अवसर पर पूज्य बापूजी की कृपा पात्र शिष्य साध्वी रेखा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने बताया कि मनुष्य के जीवन में तीन प्रकार की जेलें होती हैं । पहली माता के गर्भ की जेल दूसरी सरकार की जेल जहाँ आप रह रहे हो और तीसरी होती है कर्म बंधनों की जेल जिसमें से मनुष्य पहली और दूसरी जेल से रिहा हो जाता हैं पर तीसरी जेल कर्म बंधनो की जेल है। इससे रिहा होना बहुत मुश्किल है । यदि हमें कोई सद्गुरु मिल जाये या ईश्वरी रास्ता मिल जाये तो मनुष्य इससे मुक्त हो सकता है । वरना फिर 84 लाख योनियों के गर्भ की जेल में जाना पड़ता है । इसलिए प्रत्येक मनुष्य को सोच समझ कर कर्म करना चाहिए । मन , कर्म और वाणी से किसी का भी अहित ना हो । हमारे शास्त्रों में वैदिक रक्षा बंधन का बड़ा महत्व है । देव लोक और अन्य लोको में भी रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा है । बाजारों में जो राखी मिलती है उसे घर ले आये उसमे एक छोटे से कपड़े की पोटली बना लें जिसमें चावल , चंदन , दूर्वा , सरसों और केसर के कुछ दाने डालकर उस कपड़े को इस दैवीय कार्य में साध्वी प्रतिमा बहन ,दर्शना खट्टर , डॉ मीरा पराड़कर ,लिंगा महिला समिति की अध्यक्ष ललिता घोगें , प्रीति सोंनारे , रुपाली इंगले , मीरा गोधवानी ,माया कराडे , दया परसाई , दीपा डोडानी, सुधा ताम्रकार ,ज्योति कराडे ,पूजा माहोरे, विमल शेरके आदि ने अपनी-अपनी सेवाएं दी । समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन और समस्त स्टाप का आभार व्यक्त किया ।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के दो कर्मचारी हुए रिटायर्ड, दी गई विदाई



**परासिया :-** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में कार्यरत दो कर्मचारी 31 जुलाई 2025 को रिटायर्ड हुए । जिसमें आर सी अहिरवार मुख्य लिपिक ने 39 वर्ष सेवा दी एवं श्री रमेश कुमार बालपांडे जूनियर इंस्ट्रक्टर ने 42 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए । जिन्हें बड़े धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ विदाई दी गई । विदाई समारोह में रिटायर्ड कर्मचारियों के परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम में प्राचार्य एच डी पाटिल द्वारा श्रीफल , शाल व भेंट दी गई । कार्यक्रम के दौरान दोनों के साथ बिताए लम्हों को याद कर समस्त स्टाफ के सदस्यों की आंखों में आंसू छलकते दिखे तो वहीं माहौल हंसी - खुशी के में बदल गया । समस्त स्टाफ द्वारा दोनों सेवानिवृत साथियों हेतु कुशल स्वास्थ्य की कामना की गई ।

## नपा क्षेत्र में डिजिटल डोर नंबर प्लेट योजना का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया नगर पालिका द्वारा शहर को डिजिटल रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है,नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के नेतृत्व में डिजिटल डोर नंबर प्लेट योजना का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत शहर के सभी वार्डों के प्रत्येक घर पर डिजिटल नंबर प्लेट लगाई जाएगी।

इस योजना के तहत प्रत्येक नंबर प्लेट के लिए 100 शुल्क निर्धारित किया गया है,इस डिजिटल प्लेट में न केवल घर का नंबर होगा, बल्कि इसके माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी, बीमारी का रिकॉर्ड, नगरपालिका में पंजीकृत व अपंजीकृत जानकारी, आवासीय स्थिति, किरायेदार की स्थिति, व परिवार की नगर पालिका मे पूर्ण जानकारी सहित डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। यह प्रणाली नगरपालिका को नागरिकों की जरूरतों की बेहतर समझ और सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाएगी,यह पहल भारत सरकार की डिजिटल भारत अभियान के अंतर्गत उठाए गए नवीनतम कदमों में से एक है। उद्घाटन समारोह में नगरपालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर, जनप्रतिनिधि, ई.आई.एम.टी. संस्था के सीईओ कृष्ण चौधरी, राहुल, जिला प्रभारी झनेश पटले, वरिष्ठ कार्यकर्ता लोकेश बिसेन, तथा स्टेट कार्डिनेटर संतोष पटले सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे,परासिया नगरपालिका की यह पहल न केवल नगर प्रशासन को स्मार्ट बनाने की दिशा में है, बल्कि पारदर्शिता, सटीकता और सुविधा का एक नया मानक स्थापित करेगी ।

### 60 यूनिट रक्त का किया गया संग्रहण

## सिकन्द्रा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन





हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकन्द्रा में शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी द्वारा संचालित रेड रिबन क्लब, रासेयो इकाई तथा ट्रेक्टर संघ सिकन्द्रा के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक ग्राम पंचायत सिकन्द्रा सरपंच कन्हैया खैरवार के मार्गदर्शन, कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारी रासेयो तथा ग्राम के जागरूक रक्तदाताओं के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालाघाट तथा ब्लड बैंक शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट से सहयोग हेतु हेमंत पाटिल लेब टेक्निशियन, कामिनी पन्द्रे नर्सिंग आफीसर, सुरेश पवार बी.टी. वेन ड्राइवर, डीएमएलटी प्रशिक्षणार्थी सरदार पटेल कॉलेज गायखुरी उपस्थित रहे।

### अमृत हरित महाभियान के तहत मॉ काली मंदिर परिसर में 200 पौधे रोपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# पौधे लगाकर पेड़ बनाओ, जीवन में अमृत बरसाओ



हरिभूमि न्यूज लांजी।

अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां, जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना है, वहीं अपने ग्रह को स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान देना भी है। पेड़ जीवन को बनाए रखते हैं और एक माँ की तरह ही पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के माध्यम से, कोई भी व्यक्ति एक पेड़ लगाकर अपनी माता को एक जीवंत श्रद्धांजलि और एक स्थायी स्मृति भेंट कर सकता है, इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को भी पूरा किया जा सकता है। इसी कड़ी में नगरीय क्षेत्र लांजी में 01 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार अमृत हरित महाभियान के तहत वार्ड क्रमांक 05 मॉ काली मंदिर परिसर में 200 पौधे जैसे नीम, पीपल, अमलतास, आवला, अशोक, सोनपत्ती इत्यादी लगाए गए है। उक्त पौधा रोपण कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, सभापति किशोर रामटेक्कर, श्रीमती शीखा गोस्वामी, श्रीमती कस्तुरा वाकडे एवं पार्षदगण में सौरभ पशीने, श्रीमती कल्पना डोलस तथा गणमान्य नागरिक में सांसद प्रतिनिधि ताराचंद कालबेले, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस, काली मंदिर परिसद समिति के अध्यक्ष योगेश रामटेक्कर, सदस्य बबूल शिवालिया, राजू मोहारे, श्री बिहोने सर, शरद आसटकर, मधु आसटकर एवं समिति के अन्य सदस्य तथा पत्रकारबंधु दिनेश रामटेक्कर, पवन कश्यप ने उपस्थिति देते हुए पौधा रोपन कर जनभागीदारी से सहयोग प्रदान किया एवं आमजन से भी अनुरोध किया गया कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपन कर शासन/प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम का अयोजन मुख्य नगरपालिका अधिकारी मयूर वाहने के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर सीएमओ मयूर वाहने में आमजन से अनुरोध करते हुए कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने हेतु पौधा रोपन कर उनका संरक्षण करें। कार्यालय नगर परिषद से अधिकारी/कर्मचारियों में अमृत हरित महाभियान नोडल श्रीमती वंदना भार्गव, संतोष भार्गव, तेजराम आसटकर, छगन मिश्रा, रनदिप वराडे, श्रीमती जैवंती कचवाहे, मचलेश चोरवाडे, शैलेन्द्र दुरूगकर, श्रीमती सुरेखा चोरवाडे, श्रीमती पुजा श्रीवास्तव, नितिन बरगैया, बिहारी महोबिया, श्याम वगारे, लक्ष्मीकांत सोनवाने, शमीम खान की उपस्थिति रही।

## सिविल अस्पताल लांजी में बच्चों का किया जा रहा निःशुल्क नेत्र परीक्षण



### नेत्र चिकित्सा सहायक सारिका बोरले द्वारा रोजाना की जा रही जांच

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के सिविल अस्पताल में शासकीय स्कूल के बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। यह परीक्षण राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत तहत किया जा रहा है जिसमें बच्चों की आंखों की जांच की जा रही है और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए नेत्र चिकित्सा सहायक सारिका बोरले ने बताया की इस तरह के शिविरों का आयोजन बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की शुरुआती पहचान और रोकथाम के लिए किया जा रहा है। सारिका बोरले के अनुसार, नियमित जांच से यह सुनिश्चित होता है कि बच्चों को सीखने और विकास के लिए स्पष्ट दृष्टि मिले। उन्होने बताया की शासकीय स्कूल के बच्चों की आंखों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बच्चों का परीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में सभी शासकीय स्कूलों के बच्चों को इस सुविधा का लाभ मिल सके इस हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है तथा जिन बच्चों को आंखों में कोई परेशानी जांच में सामने आती है उनका चयन करके चश्मा भी शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सोविंद पात्रे का निधन



**वारासिवनी।** न्यू दुर्गा बस सर्विस के संचालक सोविंद पात्रे का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की देर रात्रि में 40 वर्ष की अल्पायु में स्वर्गवास हो गया। स्वर्गीय सोंविंद पात्रे अपने भाईयों प्रेमलाल, कन्हैया लाल, ईश्वरी, गोविंद एवं अरविंद पात्रे के छोटे भाई थे। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से दोपहर 3 बजे निकाली गई। यह अंतिम यात्रा वारासिवनी नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मोक्षधाम पहुँची। जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय पात्रे के अंतिम संस्कार में बस एसोसिएशन के पंकज मंगे, विक्रम मंगे, संजीव जायसवाल, पप्पू बिसेन, नरेश जैन, तूफान गुप्ता, संजय बबलू बड़वाईक, संजय सिंह कछवाहा, भागसिंह कापसे, थानी पटले, मोहन वर्मा, मनीष रंगारे सहित सैकड़ों बस अभिकर्ता एवं नागरिक गणों ने उन्हें अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### किसानों को नकली खाद बीज मिलने में हमारा मध्यप्रदेश अव्वल-विवेक पटेल

# विधानसभा सत्र में विधायक विवेक पटेल ने शून्य काल में उठाया खाद बीज का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रदेश सहित बालाघाट जिले में किसानो को समय पर खाद बीज नहीं मिलने व बाजार में मुनाफे के लालच में बेचे जा रहे नकली खाद बीज को लेकर कांग्रेस विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा समय-समय पर किसानों के साथ आंदोलन करके व ज्ञापन के माध्यम से सरकार को अवगत कराया गया हैं। उसके बाद भी किसानों को बेचे जा रहे नकली खाद बीज की ओर प्रदेश सरकार का ध्यान नहीं हैं। जिसके चलते वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने विधानसभा के मानसून सत्र में शून्यकाल के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष किसानों को बेची जा रही खाद बीज के बारे मे अपनी बात रखी।

### किसानों को प्रदेश सरकार समय पर खाद बीज कराए उपलब्ध-विवेक पटेल



विधायक विवेक विक्की पटेल ने शून्य काल में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, प्रत्येक मौसम अनुसार फसल चक्र चलता रहता हैं। इसके अंतर्गत वर्षा ऋतु में खरीफ की फसल के रूप में प्रदेश सहित बालाघाट जिले में धान की फसल मुख्य रूप से लगाई जाती हैं। किंतु खेद का विषय है कि किसानों को डीएपी, यूरिया सहित अन्य रासायनिक उर्वरक की कमी से जूझना पड़ता हैं। डीएपी की कमी होने से फसल उत्पादन बहुत कम होता हैं, सरकार ने कृषि को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय को दोगुनी करने के सपने तो दिखाए थे, किंतु वर्तमान समय पर उन्हें खाद, बीज की कमी व बाजार में नकली अमानक खाद बीज बिकने के कारण जिले सहित प्रदेश के किसान स्वयं मायूस एवं लाचार महसूस कर रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध हैं कि बाजार में बिक रहे नकली खाद बीज पर लगाम लगाये और पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराए।

### उड़ीसा राज्य के बंदरगाह से बालाघाट पहुंचेगी 2740 मिट्रिक टन उर्वरक

इस मामले में उपसंचालक कृषि अधिकारी फूलसिंह मालवीय ने बताया कि उड़ीसा राज्य के पारादीप बंदरगाह से 2740 मिट्रिक टन उर्वरक लेकर मालगाड़ी रवाना हुई है, जो 1-2 अगस्त की रात्रि बालाघाट रेल्वे स्टेशन रेक पाईंट पर पहुंचेगी। इसमें 2230 मिट्रिक टन इफ्को कम्पनी का डीएपी एवं 510 मिट्रिक टन एनपीके उर्वरक शामिल हैं। रेक पाईंट से इस उर्वरक का उठाव बहुत जल्द शीघ्रता से सहकारी समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों में पहुँच जायेगा।

### 58 लाख का इन्वेस्ट फ्रॉड : धनकोषा के युवक को दिल्ली साइबर सेल ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कभी नौकरी और बड़े कॉलेज में एडमिशन के नाम पर कई लोगों से कथित तौर पर आर्थिक धोखाधड़ी कर चुके तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम धनकोषा के युवक को अब दिल्ली की सायबर सेल की साइबर यूनिट ने गिरफ्तार किया है. जिसे माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश करने के बाद उसे सायबर सेल अपने साथ पूछताछ के लिए दिल्ली लेकर गई है. यह पूरी कार्रवाई बुधवार को हुई. धनकोषा निवासी कैलाश पिता पी.आर. ठाकरे को दिल्ली सायबर सेल ने 58 लाख रुपए के इन्वेस्ट फ्रॉड के नाम पर चिटिंग (निवेश के नाम पर धोखाधड़ी) के मामले में गिरफ्तार किया है. दिल्ली साइबर सेल के इंस्पेक्टर सुनील कुमार 05 सदस्यों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचे. उन्होंने यहां अपनी आमद देने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की और फिर धनकोषा पहुंचकर कैलाश ठाकरे की गिरफ्तारी की है. दिल्ली सायबर सेल ने इसी मामले में आगरा के एक आरोपी सीमांत राजौरा की भी गिरफ्तारी की है. आरोपी सीमांत को सायबर सेल तिरोड़ी थाना लेकर पहुंची थी।

मिली जानकारी अनुसार दिल्ली के विकासपुरी इलाके के रहने वाले प्रवीण पिता के.वी.राजू ने 5 अप्रैल 2025 को सायबर सेल में निवेश के नाम पर 58 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी. जिसकी जांच करते हुए सायबर सेल की सायबर यूनिट तिरोड़ी तक पहुंची. इस मामले में करीब आधा दर्जन आरोपी बताएं जा रहे है. जिसमें आगरा का सीमांत, तिरोड़ी धनकोषा का सुनील ठाकरे और अन्य 04 आरोपी है जो फिलहाल फरार है और उनकी तलाश की जा रही है. सुनील ठाकरे के बारे में बताया जाता है कि वह पहले भी लोगों को नौकरी लगा देने और बड़े कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के नाम पर लोगों को ठग चुका है. जिस कारण वह गांव छोड़कर प्रदेश की राजधानी भोपाल में निवास कर रहा था. अभी करीब 04 माह पूर्व ही धनकोषा आने की खबर सामने आई है. गांव से जानकारी उठाने पर पता चला कि सुनील ठाकरे ने पहले कई लोगों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी की है. जिन लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई वह लोग सुनील को पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाते थे. जिस कारण सुनील ने गांव छोड़ दिया था और केवल तीज-त्यौहारों में ही अपने घर आता था तब भी लोग सुनील की तलाश करते हुए घर तक आ पहुंचते थे. खैर, धनकोषा जैसे गांव के युवक पर निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगने और दिल्ली साइबर पुलिस की कार्रवाई के लिए पहुंचने पर गांव में हड़कंप मच गया।

#### इनका कहना है-

इन्वेस्ट फ्रॉड से जुड़ा हुआ मामला है. विकासपुरी दिल्ली के फरियादी ने शिकायत करवाई थी. इसी मामले में धनकोषा का कैलाश ठाकरे आरोपी है।

**सुनील कुमार**
**इंस्पेक्टर साइबर सेल दिल्ली**

## खबर संक्षेप

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक संपन्न

सिवनी। गुरूवार 31 जुलाई को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाल संरक्षण, देख-रेख एवं कल्याण संबंधी योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने बाल कल्याण समिति के दत्तक ग्रहण प्रकरणों की भी विस्तृत जानकारी लेकर प्रकरणवार कल्याण समिति के सदस्यों चर्चा की गई। इसी तरह जिले में चलाए जा रहे बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने चाइल्ड हेल्प लाइन में इस वर्ष प्राप्त कुल शिकायतों की प्रकृति एवं निराकरण स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित शिकायतों को भी त्वरित रूप से निराकृत करने केनिर्देश दिये हैं साथ ही बाल संरक्षण आयोग की बेंच के लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धनौरा के सामने किसानों को खाद नहीं मिलने पर किया गया धरना प्रदर्शन

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धनौरा के सामने किसानों को खाद नही मिलने पर किया गया धरना प्रदर्शन । सुबह 11 बजे से आयोजित धरना प्रदर्शन में किसान नेताओं ने शासन प्रशासन के खिलाफ किसानों को पहुंचाये जाने वाले नुकसान पर आक्रोश व्यक्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धनौरा।



धरना आंदोलन में उपस्थित वक्ताओं ने वर्तमान मांग के हिसाब से खाद यूरिया उपलब्ध नहीं करने पर आने वाले समय में आंदोलन को तेज करने की धमकी प्रशासन के सामने रखी,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धनोरा के घेराव की स्थिति में धनोरा तहसीलदार अरुण भूषण दुबे ,सहकारिता के प्रमुख सतेंद्र डेहरिया तहसीलदार घंसौर एवं प्रबंधक विनोद झरिया पंडाल पर उपस्थित किसानों के बीच में आए एवं सात दिवस में मांग पत्र के अनुसार खाद्य यूरिया उपलब्ध कराने का आश्वासन किसानों को दिया, एवं आंदोलन धरना समाप्त करने का निवेदन किया गया, परिणाम स्वरूप समस्त उपस्थित किसानों की सहमति से धरना आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई।

8 अगस्त 2025 को मांग पूरी न होने की स्थिति में पुनः कुडारी एवं धनोरा आदिम जाति समितियां का घेराव एवं प्रदर्शन करने की घोषणा के साथ आंदोलन स्थगित हुआ, प्रमुख रूप से अनीक मोहम्मद अनु बाबा, मुकेश जैन, हर्षवर्धन लकी बघेल, शेख मुस्लिम डब्लू भाईजान ,राजेंद्र बघेल, बलराम प्रजापति, रजजन सिंह उइके, तेईसिंग उइके,समीर खान मुन्ना भाई, पन्नालाल चंद्रवंशी, भारत कुमरे, धनीराम पन्द्रे , सम्यक जैन,शारदा प्रसाद मिश्रा,मनोज बकोड़े संतोष गोलानी, रामकुमार नायक, यशवंत बघेल, राजिकखान, किरण कौरेती, नीलसिंह गुर्जर ,रविंद्र उइके, मुलायम , अम्मा दास, ने अपनी उपस्थिति देकर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित किसानों की मांग को शक्ति एवं बल प्रदान किया।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया है, जिसमें देश में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई है। यह ज्ञापन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोलू उईके, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष शिवा तिवारी एवं नगर अध्यक्ष शुभम बघेल के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि देश में हिन्दू समाज अपने धार्मिक त्योहारों, सांस्कृतिक मूल्यों और अस्तित्व पर लगातार हो रहे हमलों के कारण गम्भीर संकट का सामना कर रहा है। पत्र में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, कश्मीर के पहलगाम और बांग्लादेश में हुए घटनाक्रमों का हवाला देते हुए जनसंख्या असंतुलन को इन घटनाओं का प्रमुख कारण बताया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है। कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए, और छांगुर जैसे कथित धर्मांतरण गिरोहों के खिलाफ विशेष ऑपरेशन चलाया जाए। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि यदि कोई व्यक्ति दो से अधिक बच्चों को जन्म देता है. तो उसे समस्त सरकारी योजना के अधिकार से वंचित कर दिया जाये देश में महंगाई एवं भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए। राष्ट्रीय बजरंग दल व अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने इसे केवल हिन्दू समाज की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि भारत के विकास और समृद्धि के लिए भी अतिआवश्यक बताया है। अंत में मांग की गई है कि कठोरतम जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोलू अनीश उईके , जिला उपाध्यक्ष शिवा तिवारी, नगर अध्यक्ष शुभम बघेल,सहितअन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखण्ड रामायण पाठ के 21 वे दिन वसुंधरा संस्कार निकेतन हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने पाठ में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ केवलारी।



बड़ी खैरमाई मंदिर मे श्रावण मास शुभारंभ तिथि 11 जुलाई से चल रही अखण्ड रामायण पाठ मे श्रावण शुक्ल एकादशी 1अगस्त को नगर की शैक्षाणिक संस्था बसुंधरा संस्कार निकेतन हाई स्कूल के छात्र - छात्राओं ने रामायण पाठ मे अपनी उपस्तिथि दर्ज कराकर सामुदायिक रूप से पाठ मे भाग लिया। बड़ी खैरमाई मंदिर अखण्ड रामायण समिति के तत्वाधान में चल रही रामायण मे समिति द्वारा आमंत्रित नगर के रमाशंकर महोबिया, राजू मेहरा पत्रकार ने समिति के द्वारा प्रद्दत सम्मान समाग्री स्कुल के छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर, अंग बस्त्र, हनुमान चालीसा ,पेन ,प्रसाद देकर सम्मानित किया ।समिति के द्वारा लिए गये निर्णय के अनुसार नगर की समस्त शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों को आध्यात्म व धर्म, संस्कार की ओर जोड़ने के लिये चलाये जा रहे नित्य रामायण पाठ मे सहभागिता के रुप आज के कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से उपास्तिथ रमाशंकर महोबिया, राजु मेहरा पत्रकार, सुशांत तिवारी, कन्हैया रजक, विजय अवस्थी प्राचार्य वसुंधरा संस्कार निकेतन, श्रीमति सरिता अवस्थी, ममता विसेन कंचन बिसेन शिक्षिका, अनुज दुबे शिक्षक उपास्तिथ थे।

### सिवनी पुलिस ने कांबिंग गश्त में 74 वारंटी को गिरफ्तार कर 81 निगरानी, गुंडा बदमाश चेक किया

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता (भा.पु.से.) के द्वारा दिनांक 31 जुलाई व 01 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 01-08-25 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 121 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा।

# केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र कान्हीवाड़ा वन परिक्षेत्र कार्यालय को यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र (क्रमांक 157) लिखकर सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा वन परिक्षेत्र कार्यालय को यथावत बनाए रखने की अपील की है।

विधायक ने कहा कि यह कार्यालय पिछले पांच दशकों से वन संरक्षण, व्यवस्थापन और स्थानीय प्रशासनिक जरूरतों को पूरा करता आ रहा है। विधायक सिंह के अनुसार, सिवनी के वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा इस कार्यालय को



हटाने का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया है, जिससे क्षेत्रीय जनता में रोष है। उन्होंने बताया कि यह परिक्षेत्र 25 किलोमीटर के जंगल क्षेत्र में फैला है और इसमें 8 डिपो, 39 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले लगभग 80 गाँव शामिल हैं।

**संभावित असर और चेतावनी**

रजनीश सिंह ने मुख्यमंत्री को आगाह किया कि यदि यह कार्यालय हटाया गया, तो क्षेत्र में पहले से सक्रिय वन माफियाओं को और खुली छूट मिल जाएगी, जिससे अवैध कटाई और वन अपराध बढने की आशंका है। साथ ही, ग्रामीणों को छोटी-छोटी प्रशासनिक आवश्यकताओं के लिए दूर-दराज जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

**सीधे मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग**

चूंकि मध्यप्रदेश में वन विभाग सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अधीन है, विधायक सिंह ने आग्रह किया कि वे स्वयं इस विषय में हस्तक्षेप कर कान्हीवाड़ा कार्यालय को पूर्ववत बनाए रखने हेतु त्वरित कार्रवाई करें।

**स्थानीय समर्थन**

यह मुद्दा अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायतों और आम नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। सभी की नजरें अब मुख्यमंत्री के आगामी निर्णय पर टिकी हैं।

# संत तुलसीदास जयंती पर राम मंदिर परिसर में हुआ भव्य आयोजन

**लखनादौन**। आज श्री राम मंदिर परिसर में संत तुलसीदास जी की जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित तुला राम मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम वक्ता पंडित जुगल किशोर पांडे ने श्रीरामचरितमानस के सुंदर कांड का भावपूर्ण और रोचक शैली में वाचन करते हुए भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के प्रथम नागरिक श्री बलराम गोल्हानी ने सत्संग और धार्मिक आयोजनों की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शिक्षक एम. एल. शर्मा ने संत तुलसीदास जी के जीवन, उनके काव्य और आध्यात्मिक योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन गजाधर श्री वास्तव ने किया ,इस अवसर पर नगर के अनेक प्रबुद्ध नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अजय शुक्ला ने किया, जबकि राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री आनंद तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया।

# सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया है, लेकिन यादें उसे जीवन का उत्सव बना देती हैं- आराधना राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



सेवानिवृत्ति भले ही एक शासकीय प्रक्रिया हो, परंतु जब कोई व्यक्ति अपने कर्म, समर्पण और व्यक्तित्व से सभी के दिलों में स्थान बना लेता है, तब उसकी विदाई केवल औपचारिकता नहीं रह जाती वह एक यादगार पल बन जाती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायी शिक्षिका रहीं श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव, जिन्हें स्काउट गाइड के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्ष 2006 से महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला, सिवनी में कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई। आज जब उन्हें शाला परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई, तो हर आंख नम थी। प्राचार्या श्रीमती आराधना राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा — “आपका जाना हमें खल रहा है, लेकिन इस बात की खुशी भी है कि अब आप अपने परिवार संग एक नए जीवन अध्याय की शुरुआत करेंगी।”

शिक्षक श्री उपाध्याय ने भी अपने संस्मरणों में श्रीमती श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और प्रेरणास्पद कार्यशैली का उल्लेख किया। इस अवसर पर रश्मि राय, दीपमाला पाठक, राजीव धगट, श्रीमती खन्ना, श्रीमती पांडे, शिक्षक चौधरी, कविता राय, शिक्षिका चेतना, तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव के परिवारजनों द्वारा ढोल-नगाड़ों और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया गया। यह विदाई समारोह न केवल एक अध्याय का समापन था, बल्कि उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान की भावना का प्रतीक भी था।



### 12 फुट उछलकर कार चौड़ी नाली में जा घुसी

**सिवनी**। नगर के जिला अस्पताल के समीप सर्किट हाउस की बाउंड्रीवाल से लगी एक चौड़ी गहरी नाली में शुक्रवार को तेज रफ्तार से जा रही एक सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर लगभग 12 फुट उछलकर नाली में जा घुसी।

# कोतवाली पुलिस की जुआं रेड कार्यवाही में सात जुआडी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 31 जुलाई 2025 को मुखबिर से जुआं खेलने की सूचना प्राप्त होने पर अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक धीमति पूजा पाण्डे के द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर को एक टीम का गठन कर मुखबिर सूचना पर कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली ने पुलिस टीम को मुखबिर के बताये गये स्थान पर दविश हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा कटंगी नाका सिवनी में दो अलग अलग स्थानो पर दविश देकर घेराबंदी कर जुआडीयो को पकडा गया जो ताश के पत्तों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का मन्ना खेल खेलते मिले जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास व फड़ में नगद राशि 6230/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया।

सभी 07 जुआंडियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 658/2025 एवं 659/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का प्रकरण पंजीवद्व कर विवेचना में लिया गया। पकडे गये जुआंडी 01 मोहनलाल कोरी पिता रामप्रसाद कोरी निवासी कटंगी नाका सिवनी 02. शैलेन्द्र यादव पिता लक्ष्मण यादव निवासी शहीद वार्ड सिवनी 03 संजय यादव पिता चम्बूलाल यादव निवासी शहीद वार्ड सिवनी 04 विजय यादव पिता महेश यादव निवासी विवेकानंद वार्ड सिवनी 05 निलेश विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा निवासी कटंगी नाका सिवनी 06 लखनलाल पिता सुक्कू लाल मर्सकोले निवासी कटंगी नाका सिवनी 07 विजय कुशवाहा पिता श्याम लाल कुशवाहा निवासी लडैया मोहल्ला सिवनी । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में प्र.आर. मनोज मरावी, नवीन निवारी, प्रशांत राठौर, कमलेश बागडे, आर. जितेन्द्र बघेल, संतोष साहू, पंकज सोलंकी चालक रामराय राय का सराहनीय कार्य रहा।

# दूसरों का उपकार करने वालों का नाम अमर हो जाता है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 01 अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाए संपन्न हुई, प्रथम बार रक्षाबंधन पर विश्व की प्रथम राखी 1008 फिट भगवान को अर्पण की जाएगी इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि परोपकार के समान कोई धर्म नहीं होता और दूसरों को पीड़ा पहुँचाने से बड़ा कोई अधर्म नहीं होता । परोपकार में अपने जीवन को खपाने वाले से बढ़कर सम्माननीय दुनिया में और कोई नहीं होता उसी प्रकार परोपकार में स्वोपकार समाया रहता है। जब परोपकार करने के लिये तैयार हो ही गए तब यह भी भूल जाओ कि कौन शत्रु है और कौन मित्र ? परोपकारी को शत्रु और मित्र को समान नजर से देखना चाहिए। सेवा से शत्रु भी मित्र हो जाता है।सेवा के लिए पैसे की जरूरत नहीं होती, जरूरत है अपना संकुचित जीवन छोडने की । अगर आप सेवा को अपना एक मात्र आनंद मान लेते है, तो जीवन में दूसरे किसी आनंद की जरूरत आपको नहीं पड़ेगी । जरूरतमंद लोगों की निःस्वार्थ सेवा करने वाले एक जरूरत मंदों की मदद के लिए ही तो हमारा जीवन है । दीन दुःखी एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने में जो गौरव युक्त आनंद मिलता है।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर द्वारा ली गई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर अरूण कुमार इंगले एवं सहायक संचालक डी.के.खरे द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत सिवनी, बरघाट एवं केवलारी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यो की समीक्षा बैठक कष्णम गार्डन सिवनी में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे, सहायक संचालक आर.आर.मेहता, सहायक संचालक आर.पी.पाटिल, एपीसी संजीव राय, विकासखण्ड सिवनी, बरघाट एवं केवलारी से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य एवं कार्यालयीन स्टॉफ की उपस्थिति रही। बैठक में समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि जिले में किसी भी स्थिति में विद्यालय जर्जर भवन में संचालित नहीं किया जावे।समस्त शिक्षक पाठ्यक्रम पंजी तैयार कर प्रतिदिन डेली डायरी संधारित करें।प्रायोगिक कार्य माह अगस्त से अनिवार्य रूप से कराया जावे तथा प्रयोगशाला सुव्यवस्थित हो।शिक्षक विद्यार्थियों की कक्षा एवं गृहकार्य की कापी नियमित रूप से चेक करें तथा प्राचार्य इस कार्य की मानीटरिंग करें। सेवानिवृत्त होने वाले लोकसेवकों की सूची एक वर्ष पूर्व जारी की जावें तथा छः माह पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले लोकसेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड पर सतत समीक्षा करें। सेवानिवृत्त दिनांक को देय समस्त स्वत्वों का भुगतान किया जा सकें तथा लंबित पेंशन प्रकरणों को तत्काल निराकृत किया जावें। ताकि सी.एम.हेल्पलाईन में शिकायत की स्थिति निर्मित न हो। अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का समय-सीमा में नियमानुसार निराकरण किया जावें। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड पर सतत समीक्षा करें। ताकि सी.एम.हेल्पलाईन में शिकायत की स्थिति निर्मित न हो। सी.एम.हेल्पलाईन में की गई शिकायतों का विकासखण्ड स्तर पर तत्काल संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतकर्ता से शिकायत बंद कराई जावे। कक्षा 1 से 12 तक शतप्रतिशत नामांकन किया जाकर एज्युकेशन पोर्टल 3.0 में प्रविष्टि की जावें। शिक्षा पोर्टल एवं एम.पी.टॉस पोर्टल पर प्रोफाईल अपडेशन, स्वीकृति एवं असफल भुगतान संबंधी बैंक खातों का समय-सीमा में अपडेशन करें। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों वितरण कर विमर्श पोर्टल पर प्रविष्टि तत्काल करें। पोर्टल पर निःशुल्क साईकिल हेतु पात्रता का निर्धारण कर पात्र विद्यार्थियों को तत्काल साईकिल वितरित करें।

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में अनिकेत कृष्ण जी शास्त्री महाराज ने की पूजन अर्चन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



नगर के जबलपुर रोड जिला अस्पताल गेट के बाजू में स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में परम पूज्य अनिकेत कृष्ण जी शास्त्री महाराज (बृज बिहारी सरकार) का शुक्रवार को एक विशाल रैली के साथ आगमन हुआ ।

महाराज श्री के मंदिर पहुंचने पर सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी अर्जुन पंडा सहित मंदिर समिति के सदस्यों ने महाराज श्री का पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। उसके बाद अनिकेत कृष्ण जी शास्त्री महाराज द्वारा हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन किया। हनुमान जी महाराज के पूजन अर्चन के दौरान आचार्य राजेंद्र पांडेय ने मंत्रोच्चारण किया।

पूजन अर्चन के बाद अनिकेत कृष्ण जी शास्त्री महाराज द्वारा भगवा ध्वजा को मंदिर के शिखर पर लगवाया। इस दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा। परम पूज्य अनिकेत कृष्ण जी शास्त्री महाराज जी ने कहा कि जो भी साधक हनुमान जी की पूजा करता है,तो उसे तुरंत फल मिलता है। यह भी मान्यता है,कि हनुमान जी अपने भक्तो की भक्ति से बहुत प्रसन्न होते है और उनकी हर मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण करते है। इसलिए साधक को हनुमान जी महाराज की प्रतिदिन पूजा करनी चाहिए।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण पर कार्यवाही

# 3 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये, 5 लाख 94 हजार की लागत का महुआ लाहन व अवैध मदिरा जप्त की

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में शुक्रवार 1 अगस्त को आबकारी विभाग सिवनी की टीम के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बनाने के अड्डों को नष्ट किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सड़ा हुआ महुआ लाहन भारी मात्रा में बरामद कर नष्ट किया गया है। आबकारी विभाग सिवनी को सूचना मिली थी कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर कच्ची शराब बनाकर बेचे जाने के लिए ग्राम जावना एवं बामनदेही के जंगलों में काफी अधिक मात्रा में अवैध शराब बनाने के अड्डे बनाए जा रहे हैं, काफी अधिक मात्रा में महुआ सड़ाने के लिए रखा गया है।

प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग सिवनी की टीम के द्वारा थाना कान्हीवाड़ा के साथ ग्राम जावना में संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बनाने के अड्डों व भरी मात्रा में सड़ा हुआ महुआ लाहन नष्ट किया गया एवं आबकारी विभाग सिवनी के द्वारा ग्राम बामनदेही में छापा मारकर भी अवैध शराब बनाने के अड्डों व भरी मात्रा में सड़ा हुआ महुआ लाहन नष्ट किया गया है। छापामार कार्यवाही में आबकारी उत्तर वृत्त के अंतर्गत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम,1915 की धारा 34(1) के तहत 02 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं जिसमें 45 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं लगभग 2950 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन बरामद कर जप्त किया गया है। इसी तरह आबकारी शहर वृत्त के अंतर्गत 01 आपराधिक प्रकरण कायम किया गया है जिसमें 30 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब एवं लगभग 2810 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन जप्त किया गया है।

इसी क्रम में आबकारी विभाग सिवनी द्वारा आज की छापामार कार्यवाही में कुल 03 आपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। जिसमें कुल 75 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं लगभग 5760 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन बरामद कर जप्त किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख 94 हजार रुपए है। छापामार कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रणय श्रीवास्तव, आबकारी उप निरीक्षक राजेश सिंघल एवं सुश्री खुशबू प्रिया मरावी समस्त स्टॉफ सहित शामिल रहे हैं ।

# सरपंच के सम्मान में ग्राम की जनता उतरी सड़कों पर लगाये नारे, व्यापारी बंधुओं का मिला पूरा समर्थन







ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अतिक्रमणकारी गुण्डागर्दी पर उतरे, मुझे बाबा साहब के संविधान पर पूरा भरोसा हैं। चतुभुर्ज बिसेन का पोता हूं और भोलाराम पारधी का संती पंती हू रे, रीवा से भगाया हुआ पंडा नहीं हूं।

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गर्रा पंचायत सरपंच और सरपंच संघ अध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन पर हमला करने घर में घुसे लोगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को पंचायत क्षेत्र बंद रहा।

औद्योगिक क्षेत्र में जहां सुबह से चाय-नाश्ते और दैनिक उपयोग की सामग्री के लिए चहल-पहल रहती है, वहां शुक्रवार को सन्नाटा पसरा था। पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण सरपंच पर हमला करने की नीयत से घुसे लोगों पर कार्रवाई और अतिक्रमण में बने भवन और शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं।

## ये है पूरा मामला

29 जुलाई की रात आधा दर्जन से ज्यादा हमलावर पंचायत सरपंच वैभव सिंह बिसेन के घर हमला करने की इरादे से घुसे थे। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने धर्मेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा सहित अन्य आठ लोगों पर बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सजायाफ्ता लोग शांत अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं

सरपंच वैभव सिंह बिसेन इन पर संगठित धाराओं के तहत भी मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सजायाफ्ता लोग शांतिप्रिय बालाघाट जिले में संगठित अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। जिले में लगातार तीन दिनों से यह मामला सुर्खियों में है।

## महिलाओं ने कराया बदं

शुक्रवार को क्षेत्रीय महिलाओं ने अतिक्रमित भूमि पर बने भवन और शराब दुकान को हटाने के साथ ही सरपंच पर हमला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पंचायत क्षेत्र को बंद कराया है। गर्रा पंचायत के पूरे क्षेत्र में बंद का व्यापक असर देखा जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## गर्रा चौराहे पर हुई सभा...

चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि चतुभुर्ज बिसेन का पोता हूं और भोलाराम पारधी का संती पंती हू रे, रीवा से भगाया हुआ पंडा नहीं हूं। अतिक्रमणकारियों को चुनौती देते हुए कहा कि आबादी की जमीन पंचायत को लौटानी पड़ेगी, तुम्हारी गुण्डागर्दी से में डरने वाला नहीं हूं। गर्रा गांव में पैदा हुआ हूं और गांव की सेवा करता रहूंगा। मैंने ग्राम विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा, गांव के बेटा-बेटियों के लिए भव्य लाईब्रेरी बनाई जा रही हैं। शीघ्र ही लाईब्रेरी का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष मोनू भगत ने अपने उद्बबोधन में कहा कि शराब दुकान हटाना चाहिये। ग्राम विकास में हमारा प्रधान पूरी ईमानदारी से काम कर रहा हैं। वहीं प्रवक्ता हरिभूमि ब्यूरो सलीम शाह के द्वारा ने अपने उद्बोधन में कहा गया कि गुण्डा बदमाशों के द्वारा डराने धमकाने का कार्य किया जा रहा हैं। गर्रा में गुण्डागर्दी अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ अशोक गुप्त के द्वारा किया जा रहा था, वहीं वार्ड पंच श्रीमती जुबैदा शाह वार्ड पंच, रीना भालाधरे वार्ड पंच, सुरेन्द्र यादव, प्रेमचंद बड़गे तथा ग्रामीणों के द्वारा बदं को सफल बनानें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जनपद पंचायत में केक काटकर मनाया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष का जन्मदिन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले वरिष्ठ भाजपा नेता जनपदपंचायत उपाध्यक्ष , मुकेश सिंह चौहान बस एसोसिएशन अध्यक्ष व जनपद सदस्य,निर्माण सभापति योगराज भास्कर, सरपंच संघ अध्यक्ष डॉ.प्रकाश बाहे के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया. सभी कार्यकर्ताओं ने केक काट कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनायी. कार्यक्रम स्थल से ही उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले को उनके जन्म दिन पर उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी. इस मौके पर बस एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश कुमार चौहान ने कहा कि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले के रहते हुए इस जनपद क्षेत्र के हित में अनेक काम किये हैं. विकासकार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं. उनको भगवान लंबी उम्र दें और वो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें।जनपद पंचायत सदस्य, हरीश लिल्हारे, रवि तरवरे, धनराज मातरे ,राजेश पांचे ,बोहरे जी सरपंच जामड़ी, मनीष भीमटे,किशोर चौधरी, नरेश पाराशर , , पवन बिसेन, नंदू जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतन अजय कुर्राहेबेंद्ररे, अमित बिसेन, मयूर हरिनखेड़े, पंचायती राज, कैलाश कुथे कंप्यूटर ऑपरेटर, श्रीमती दुर्गेश तिवारी एसपीओ, सविता भलावी ए ए ओ डी टी , श्रीमती माधुरी,लता वैध कंप्यूटर ऑपरेटर, भारती रंहागडाले सहायक ग्रेड 3 और भी अन्य सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए जनपद पंचायत व समस्त विभागों मौजूद रहा।

# विधायक मधु भगत ने लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश विधानसभा के सत्र के दौरान परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपने क्षेत्र से जुड़ी अधोसंरचना व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सवालों को सदन में प्रमुखता से उठाया। प्रश्न क्रमांक 1259 के माध्यम से उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की जानकारी मांगी और बीते तीन वर्षों में भेजे गए निर्माण प्रस्तावों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की मांग की।

विधायक भगत ने विधानसभा में पूछा कि पिछले तीन वर्षों में जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन को किन-किन निर्माण कार्यों के प्रस्ताव भेजे गए हैं और वर्तमान में कितने प्रस्ताव जिला स्तर पर लंबित हैं, जिन्हें शासन को नहीं भेजा गया है। उन्होंने इन प्रस्तावों की विकासखंड और ग्रामवार जानकारी भी मांगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि भेजे गए प्रस्तावों में से कितनों को स्वीकृति मिली है और कितने प्रस्ताव अभी तक लंबित हैं।

इसके अतिरिक्त, विधायक ने यह भी जानना चाहा कि इन निर्माण प्रस्तावों के तहत कितने लोकसेवकों के पद स्वीकृत हुए हैं और कितने अब भी रिक्त हैं। साथ ही, सेतु संभाग द्वारा परसवाड़ा विधानसभा से संबंधित किन-किन कार्यों को पिछले तीन वर्षों में राज्य शासन को भेजा गया है, इसकी विस्तृत सूची मांगी।

इस पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उत्तर देते हुए बताया कि विधायक द्वारा मांगी गई समस्त जानकारी मध्यप्रदेश विधानसभा के पुस्तकालय में रखे गए परिशिष्ट 'प्रपत्र अ', 'अ-1', और 'ब' में उपलब्ध है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों में पद स्वीकृति का कोई पृथक प्रस्ताव नहीं भेजा जाता, इसलिए उस संदर्भ में कोई पृथक जानकारी नहीं दी जा सकती। समय सीमा संबंधी प्रश्न का उत्तर देना भी संभव नहीं बताया गया।



इसी सत्र में विधायक भगत ने नगर पालिका बालाघाट से जुड़े मुद्दे को भी गंभीरता से उठाया। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2023 से प्रश्न दिनांक तक बालाघाट नगर पालिका को किस-किस मद में कितनी राशि प्राप्त हुई और उस राशि का उपयोग किन कार्यों में किया गया। उन्होंने विशेष रूप से यह जानकारी भी मांगी कि कर्मचारी वेतन को छोड़कर बाकी कितनी राशि किन-किन कार्यों में व्यय की गई और इस कार्य के लिए की गई निविदा प्रक्रिया, प्रशासकीय स्वीकृति, समाचार पत्रों में प्रकाशित दरें, तुलनात्मक चार्ट, कार्य आदेश एवं बिल-बाउचर सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं।

इस पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब में कहा कि संपूर्ण जानकारी पुस्तकालय में परिशिष्ट 'अ' और 'ब' में रखी गई है, जिसका अध्ययन कर विधायक समस्त विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रशासनिक अधिकारी वापस लौटे, तीन दिन की दी मोहलत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 15 बड़ा राम मंदिर के ठीक सामने स्थित सीट क्रमांक 1-डी, खसरा नंबर 11/2 रकबा 6263 वर्गफुट की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे के आस-पास शुरू हुई और महज 15 मिनट में ही नायब तहसीलदार के फोन पर एक कॉल आते ही थम गई. माननीय व्यवहार न्यायालय के फैसले के बाद नायब तहसीलदार पुलिस बल और नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ जेसीबी मशीन लेकर अवैध कब्जे को हटाने के लिए पहुंचे थे लेकिन नायब तहसीलदार को कॉल आते ही जेसीबी मशीन रूक गई और प्रशासनिक अमला आधी-अधूरी कार्रवाई कर वापस लौट गया. यह कॉल किसका था इसकी पुष्टि तो नहीं की जा सकती. लेकिन कार्रवाई के रुकते ही एक सवाल खड़ा हो गया कि आखिर यह कॉल किसका था जिसके बाद अतिक्रमण की कार्रवाई अचानक से रूक गई. नायब तहसीलदार ने कार्रवाई को रोकते हुए अनावेदक पक्ष को तीन दिनों का समय देकर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के लिए कहा है और नहीं हटाने पर पुनः कार्रवाई करने की हिदायत दी है.

पूरा मामला वैभव पालीवाल की खसरा नंबर 11/2 की भूमि से जुड़ा हुआ है. न्यायालय ने जो फैसला सुनाया है उसके अनुसार राजस्व रिकार्ड में यह भूमि वैभव पालीवाल के नाम दर्ज है जिस पर जितेन्द्र त्रिवेद्वी ने अवैध तरीके से कब्जा कर लकड़ी की टॉल, राशन दुकान, ड्रम और चूने की बोरियों को रखा है. न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी बताया कि तहसील न्यायालय ने जितेंद्र त्रिवेदी को कब्जा हटाने आदेशित किया था. जिसके बाद अनावेदक जितेंद्र त्रिवेदी ने एसडीएम न्यायालय और अतिरिक्त कमिश्नर के यहां भी अपील की. वहां से भी आवेदन खारिज कर दिए गए. ऐसे में जितेंद्र त्रिवेदी ने करीब 03 वर्ष पहले व्यवहार न्यायालय में राहत के लिए धारा 151 का आवेदन किया. न्यायालय ने अपने फैसले में साफ पर कहा है कि जितेंद्र त्रिवेदी तहसील न्यायालय की कार्रवाई से बचने के लिए यथास्थिति आदेश प्राप्त करना चाहता है. व्यवहार न्यायालय में उनका आवेदन निरस्त कर दिया।

# धान की टाप ड्रेसिंग के लिए कृषि विभाग की किसानों को सलाह

**बालाघाट।** बालाघाट मध्यप्रदेश राज्य का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है। यहां पर रोपा एवं बोआर दोनों पद्धति से धान की फसल लगाई जाती है। बालाघाट जिले में धान की फसल के अनुरूप वर्षा होने के कारण धान की रोपा लगाने का कार्य तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। जिन किसानों की बोनी एवं रोपा का कार्य पूर्ण हो चुका है वे धान की फसल में टाप ड्रेसिंग के लिए उर्वरक का छिड़काव कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को उर्वरक के इस्तेमाल के संबंध में सलाह दी गई है।

इस वर्ष बालाघाट जिले में 02 लाख 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 02 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाई जा चुकी है। गत वर्ष 2024 में बालाघाट जिले में 02 लाख 56 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाई गई थी। इस वर्ष मक्का, रागी एवं कोदो के रकबे में वृद्धि होने के कारण धान का रकबा 02 लाख 40 हजार हेक्टेयर रखा गया है।

किसानों द्वारा धान की फसल में पहली टॉप ड्रेसिंग के रूप में उर्वरक का छिड़काव किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है कि जहाँ रोपा लगाया जाता है, वहां खेत में कीचड़ मचाने के समय सिंगल सुपर फास्फेट, डीएपी या एनपीके का उपयोग करना चाहिये। इससे फसलों को अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने धान की पहली टॉप ड्रेसिंग में डीएपी, यूरिया, जिंक सल्फेट, अमोनियम सल्फेट, कैल्शियम सल्फेट, फेरस सल्फेट, मैग्नीशियम सल्फेट आदि उर्वरकों को मिलाकर डालने की प्रक्रिया को गलत बताया है ।

# कटंगी विकासखंड में अजब-गजब : 4 बच्चों को पढ़ाने दो शिक्षक, 23 को पढ़ाने के लिए सरकारी शिक्षक ही नहीं

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बेहतर सरकारी शिक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त शासन के दावों के बीच मध्य प्रदेश के शिक्षा विभाग से आए दिन अजब-गजब के मामले सामने आते रहते है. ताजा मामला मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रभार वाले बालाघाट जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को दर्शाने वाला है. बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड से यह मामला सामने आया है जहां गरीबों के बच्चों के भविष्य के साथ कथित तौर पर बड़ा खिलवाड़ हो रहा है. यह पूरा मामला कटंगी विकासखंड में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला टेकाड़ी (का) नाम के स्कूल और यहां की बदहाल शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा है. जहां एक ही परिसर में पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं संचालित होती है. सबसे पहले प्राथमिक स्कूल यानी कक्षा 01 से लेकर 05 की बात कर लेते है. जहां कुल 4 विद्यार्थी ही अध्ययनरत है. कक्षा पहली में एक, कक्षा दूसरी और कक्षा चौथी में दर्ज संख्या शून्य है. कक्षा तीसरी में दो और कक्षा पांचवी में भी विद्यार्थी की दर्ज संख्या एक है. इससे अधिक चौंकानें वाली बात यह है कि इन 04 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए यहां शिक्षा विभाग ने दो प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति कर रखी है. प्राथमिक शिक्षक ज्ञानेश्वर राहंगडाले कक्षा तीसरी और पांचवी के बच्चों को पढ़ाते है यानी तीन बच्चों को पढ़ाते है. उनके साथी शिक्षक गणेश प्रसाद चौधरी कक्षा पहली के एक बच्चे को पढ़ाते है यानी एक बच्चे को पढ़ाने के लिए एक सरकारी शिक्षक पदस्थ है।



शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार 60 बच्चों की दर्ज संख्या में 02 शिक्षकों की नियुक्ति होनी है लेकिन टेकाड़ी (का) स्कूल को एकीकृत होने का फायदा मिल रहा है यहां प्राथमिक स्कूल में केवल 04 बच्चों पर ही दो सरकारी शिक्षक है. इसी परिसर में माध्यमिक स्कूल की कक्षाएं भी संचालित होती है. माध्यमिक स्कूल की कक्षा छटवीं में 6, सातवी में 9 और आठवीं में 8 विद्यार्थी अध्ययनरत है यानी कुल 23 बच्चे दर्ज है और इन्हें पढ़ाने के लिए एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है. इन विद्यार्थियों का भविष्य अतिथि शिक्षक साक्षी चौधरी, मुकेश चौधरी और निशा हुमनेकर पर निर्भर है जो इन बच्चों को पढ़ाते है. प्राथमिक स्कूल के शिक्षक से जब स्कूल में इतनी कम दर्ज संख्या होने का कारण पूछा गया तो उन्होंने गांव में 02 प्राइवेट स्कूल होने का हवाला दिया. सरकारी स्कूल में दर्ज संख्या की कमी होना यह एक बड़ा कारण हो सकता है. लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार के प्राथमिक स्कूलों की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हो रही है. मध्याह्न भोजन जैसी स्कीम चलने की वजह से इन स्कूलों को जिले में भात खाया स्कूल के नाम से पुकारा जाता है. ऐसा मान लिया गया है सरकार के इन प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती सिर्फ बच्चों को खाना परोसा जाता है. यहीं कारण है कि कोई भी समझदार व्यक्ति अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजना चाहता है यहां तक की सरकारी शिक्षक भी अपने बच्चों को वह जिस स्कूल में पढ़ाने के लिए जाते है वहां भर्ती करवाते है. यह हाल अकेले विकासखंड कटंगी का नहीं बल्कि समूचे बालाघाट जिले के लगभग 90 फीसदी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था का है।

गौरतलब हो कि 13 अगस्त 2024 को परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को बालाघाट जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया. बालाघाट जिले का प्रभारी मंत्री बनने के बाद वह अब तक करीब आधा दर्जन बार जिले में आए है. इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठकें की पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की यहां तक की एक दफे वह कटंगी के अगासी में सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिपूजन समारोह में भी शामिल होने के लिए आए. लेकिन शिक्षा मंत्री ने आज तक बालाघाट जिले के किसी स्कूल का निरीक्षण किया. यह जानकारी नहीं मिल पाई है. बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री को एक बार किसी सरकारी स्कूल का निरीक्षण कर देखना चाहिए कि जिस विभाग के वह मंत्री है उस विभाग द्वारा संचालित सरकारी स्कूलों के क्या हाल है. मंत्री भले ही शिक्षा की बेहतरी के लिये अधिकारियों को स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के लिए कह रहे है किंतु उन्हें भी एक बार स्कूलों का निरीक्षण कर देखना चाहिए तभी हकीकत उनके सामने आएगी.

## इनका कहना है

विकासखंड कटंगी में वर्ग- 1, 2 और 3 के करीब 300 पद रिक्त है जहां अतिथि शिक्षक सेवाएं दे रहे है. माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी है अभी नियुक्तियां होनी है।

**सी.एस.कुसराम**
**बीईओ कटंगी**

## बच्चो की जांच कर मौसमी बीमारी के रोकथाम के लिए दिया परामर्श

# अतरी में टिकाकरण कार्यक्रम के साथ दस्तक अभियान की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी ब्लॉक के ग्राम अतरी मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर परेश उपल्प एवं बीएमओ डॉक्टर के पी नागेंद्र के निर्देशन मे 1अगस्त शुक्रवार को राष्ट्रीय टिकाकरण कार्यक्रम के साथ दस्तक अभियान का प्रारंभ किया गया। इस दौरान दस्तक अभियान के अंतर्गत 0-5 साल के बच्चों की जांच की गई एंव मौसमी बीमारी के रोकथाम के लिए उचित परामर्श प्रदान किया ।बताया गया की इस दौरान बच्चों के हीमोग्लोबीन की जांच की गई , कुपोषण, डायरिया को नियंत्रण करने के लिए गतिविधि संपादित किया गया एंव बच्चो को ओआरएस के 2 पैकेट एंव 14 जिंक की गोली आयरन सिरप का वितरण किया गया तथा कुपोषण एंव डायरिया की जांच कर बचाव व रोकथाम के बारे विस्तृत रूप से बताया गया एंव विटामिन ए का डोज पिलाया गया। तथा इस दौरान कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की जांच कर हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन किया गया एंव भोजन में पोषक तत्व युक्त आहार लेने के लिए सलाह दि गई ।इस दौरान कार्यक्रम मे अंजू लता बलहारे सीएचओ , दुर्गेस्वरी मंदरेले , सीमा बोरकर ललिता सूलाखे, डेशिका बोरकर सहित स्टाफ उपस्थित रहे।



